सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-268
17/06/2017

मुख्यमंत्री ने 01 अण्णे मार्ग स्थित 'नेक संवाद' में दावत–ए–इफ्तार का किया आयोजन, बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की

पटना, 17 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपने आवास 1, अणे मार्ग स्थित 'नेक संवाद' में पवित्र रमजान के अवसर पर रोजेदारों को दावत–ए–इफ्तार पर आमंत्रित किया जिसमें बड़ी संख्या में शुभचिन्तक, रोजेदार एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर इफ्तार के पूर्व हजरत सैयद शाह शमीम मोनमी ने रमजान एवं रोजे की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला और सामूहिक दुआ (प्रार्थना) की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने दुआओं में शामिल होकर राज्य की तरक्की, प्रगति एवं आपसी भाईचारा एवं मोहब्बत के लिये खुदा–ए –ताला से दुआयें की।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बारी–बारी से तमाम आये अतिथियों एवं रोजेदारों का स्वागत किया। उन्होंने राज्यपाल श्री रामनाथ कोविंद, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव, अध्यक्ष बिहार विधानसभा श्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं विशिष्ट आमंत्रित अतिथियों का स्वागत गर्मजोशी से किया।

इस अवसर पर राज्य मंत्रिमण्डल के मंत्रीगण, विधायक, विधान पार्षद, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, राज्य के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत के क्रम में कहा कि रमजान के पवित्र महीने में सभी को मेरी शुभकामनायें है। उन्होंने कहा कि परंपरागत तौर पर हर वर्ष रमजान की महीने में राज्य सरकार की तरफ से इफ्तार का आयोजन किया जाता है। आज के दिन इफ्तार का आयोजन हुआ। आज इफ्तार के अवसर पर जो सभी लोग आये इसके लिए तहे दिल से सभी का शुक्रिया अदा करता हूँ। यह रमजान का महीना है, इस महीने में लोगों के मन में शांति का भाव आता है और यह एक तपस्या की तरह है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि जो रोजा पर रहते है, वे सब लोग दिनभर काम करते है जो अपने आप में एक बहुत बड़ी और उत्कृष्ट परंपरा है। उन्होंने कहा कि हम सबका अभिनंदन करते है और सबकों मेरी शुभकामनायें है। उन्होंने कहा कि हमारी यही दुआ है बिहार में सब लोग शांति से, प्रेम से, सद्भाव से रहे और आज के अवसर पर हमलोगों की यही दुआ है कि बिहार तरक्की करे, आपस में प्रेम का, सद्भाव का वातावरण रहे। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि इस अवसर पर सभी धर्मो एवं मजहबों के लोग सम्मान के साथ ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होते है और रोजा रखने वाले लोगों के प्रति सबके दिल में आदर एवं सम्मान का भाव रहता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मेरी यही शुभकामना है कि समाज में प्रेम और सद्भाव का वातावरण रहे, यही हमलोगों की इच्छा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से भी तमाम आये लोगों ने बारी–बारी से मुलाकात की। उन्होंने भी सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और रमजान की मुबारकवाद दी।

मुख्यमंत्री ने इफ्तार पार्टी के पूर्व नवनिर्मित 'नेक संवाद' भवन का लोकार्पण भी किया।

******